davvOnline.com

वाणिज्य शिक्षण - 2012

नोट- किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Answer any five questions. All questions carry equal marks.

1. उच्च माध्यमिक स्तर पर वाणिज्य शास्त्र अध्यापन की सामाजिक स्थिति से, क्या आप संतुष्ट हैं? अपने विचारों के पक्ष में वर्णन कीजिए।

अथवा

लक्ष्य एवं उद्देश्य से आप क्या समझते हैं? इन दोनों में क्या अन्तर है? माध्यमिक स्तर पर वाणिज्य शिक्षण के उद्देश्यों का उल्लेख व्यावहारिक रूप में कीजिए।

2. वाणिज्य-शास्त्र में आधुनिक प्रवृत्ति के रूप में ई-कॉमर्स तथा वाणिज्य में कम्प्यूटर के उपयोग को स्पष्ट कीजिए।

davvOnline.com

अथवा

माध्यमिक स्तर पर वाणिज्य-शास्त्र के पाठ्यक्रम को प्रभावी एवं व्यावहारिक बनाने के सुझाव देते हुए वाणिज्य शिक्षण के पाठ्यक्रम की आधुनिक प्रवृत्ति का वर्णन कीजिए।

3. एक शिक्षक होने के नाते आप वाणिज्य में शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग कैसे करेंगे?

अथवा

वाणिज्य शिक्षण में प्रायोजना विधि का उपयोग करने के लिए प्रायोजना विधि के अर्थ, सोपान (steps), गुण एवं सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

4. कक्षा XII को वाणिज्य शिक्षण पढ़ाने के लिए अपनी पसन्द के किसी एक प्रकरण पर पाठ-योजना तैयार कीजिए।

अथवा

कक्षा XI के लिए किसी एक इकाई पर इकाई योजना बनाइये।

5. एक अच्छे परीक्षण की क्या विशेषताएँ हैं? विभिन्न प्रकार तथा विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों पर आधारित 10 प्रश्न निर्मित कीजिए।

अथवा

निम्न में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) मापन एवं मूल्यांकन।

davvOnline.com

(ब) निदानात्मक एवं उपचारात्मक परीक्षण।

(स) "बहु-विकल्पात्मक प्रश्न तथा निबंधात्मक प्रश्न दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, विकल्प नहीं।"

(द) वाणिज्य में उपलब्धि परीक्षण का मानकीकरण।